## श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
### ( केन्द्रीय विश्वविद्यालय )
### बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली ११००१६

**दिनांक ०६ नवम्बर, २०२० को पूर्वाह्न ११.३० बजे आयोजित विद्वत्परिषद् की द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त।**

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की विद्वत्परिषद् की द्वितीय बैठक दिनांक 06 नवम्बर, 2020 को पूर्वाह्न 11.30 बजे कुलपति महोदय की अध्यक्षता में वाचस्पति सभागार में सम्पन्न हुई। कोविड-19 महामारी के कारण इस बैठक का आयोजन द्विप्रकारक (ऑफ / ऑनलाइन) उपस्थिति के माध्यम से किया गया। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया।

**निम्नलिखित सदस्य व्यक्तिगत रूप में बैठक में उपस्थित हुए:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. राम नाथ झा | बाह्य सदस्य |
| 3. | प्रो. रमाकान्त पाण्डेय | बाह्य सदस्य |
| 4. | प्रो. नागेन्द्र झा | सदस्य |
| 5. | प्रो. प्रेम कुमार शर्मा | सदस्य |
| 6. | प्रो. हरेराम त्रिपाठी | सदस्य |
| 7. | प्रो. केदार प्रसाद परोहा | सदस्य |
| 8. | प्रो. के. भारत भूषण | सदस्य |
| 9. | प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी | सदस्य |
| 10. | प्रो. सुदीप कुमार जैन | सदस्य |
| 11. | प्रो. के. अनन्ता | सदस्य |
| 12. | प्रो. मारकण्डेनाथ तिवारी | सदस्य |
| 13. | प्रो. रामानुज उपाध्याय | सदस्य |
| 14. | प्रो. शिवशंकर मिश्र | सदस्य |
| 15. | प्रो. सविता | सदस्या |
| 16. | प्रो. मीनू कश्यप | सदस्या |
| 17. | प्रो. कल्पना जैन | सदस्या |

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

18. प्रो. कुलदीप कुमार — सदस्य
19. प्रो. धर्मानन्द राउत — सदस्य
20. डॉ. आदेश कुमार — सदस्य
21. डॉ. मनोज कुमार मीणा — सदस्य
22. प्रो. भागीरथि नन्द — विशेष आमंत्रित सदस्य
23. प्रो. नीलम ठगेला — विशेष आमंत्रित सदस्या
24. डॉ. एन.पी. सिंह — विशेष आमंत्रित सदस्य
25. डॉ. अलका राय — सचिव

**निम्नलिखित सदस्य ऑनलाइन के माध्यम से बैठक में उपस्थित हुए:-**

1. प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी — बाह्य सदस्य
2. प्रो. जय कुमार एन. उपाध्ये — सदस्य
3. प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल — सदस्य
4. प्रो. राम राज उपाध्याय — सदस्य
5. प्रो. सुधांशुभूषण पण्डा — सदस्य
6. प्रो. महानन्द झा — सदस्य
7. प्रो. संगीता खन्ना — सदस्या
8. प्रो. पीयूष कान्त दीक्षित — सदस्य
9. प्रो. जयकान्त सिंह शर्मा — सदस्य
10. प्रो. रमेश प्रसाद पाठक — सदस्य
11. प्रो. वीर सागर जैन — सदस्य
12. प्रो. विनोद कुमार शर्मा — सदस्य
13. प्रो. सुजाता त्रिपाठी — सदस्या
14. प्रो. ए.एस. आरावमुदन — सदस्य
15. डॉ. अशोक थपलियाल — सदस्य
16. डॉ. के. एस. सतीश — सदस्य
17. डॉ. सुशील कुमार — सदस्य

प्रो. रामानुज उपाध्याय जी के वैदिक मङ्गलाचरण से विद्वत्परिषद् का शुभारम्भ हुआ। कुलपति महोदय द्वारा अवगत करवाया गया कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम 2020 में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) की विद्वत्परिषद् की नई रचना की गई है, जिसकी बैठक आज आयोजित की जा रही है तथा विद्वत्परिषद् के सदस्यों का अभिनन्दन किया गया।

सत्यापित VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
क़ुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
New Delhi-110016

रमेशकुमारपाण्डेय

कोविड्-19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण विश्वविद्यालय तथा छात्रहित को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न परीक्षाएँ तथा नए छात्रों के प्रवेश हेतु किए गए कार्यों के लिए विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक वर्ग एवं गैर-शैक्षणिक वर्ग के सदस्यों की सराहना की गई। डॉ. अलका राय, कुलसचिव (प्रभारी) महोदया ने विद्वत्परिषद् की द्वितीय बैठक के लिए निर्धारित कार्यसूची के प्रत्येक मद को प्रस्तुत किया। गहन विचार-विमर्श के अनन्तर सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गये:-

**संकल्प संख्या २.१ विद्वत्परिषद् की दिनांक २७ मई, २०२० को सम्पन्न प्रथम बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि।**

विद्वत्परिषद् की दिनांक 27 मई, 2020 को सम्पन्न हुई प्रथम बैठक में लिये गये निर्णयों की सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।

**संकल्प संख्या २.२ विद्वत्परिषद् की दिनांक २७.०५.२०२० को सम्पन्न हुई प्रथम बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का प्रतिवेदन ।**

विद्वत्परिषद् की दिनांक 27 मई, 2020 को सम्पन्न हुई प्रथम बैठक में लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन के विषय पर प्रस्तुत कृत कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

संकल्प संख्या 1.25 के प्रस्ताव पर गठित समिति के प्रतिवेदन के आधार पर योग विभाग का नाम परिवर्तित कर योग विज्ञान विभाग करने की स्वीकृति की जाती है। इस विभाग द्वारा दी जाने वाली उपाधि बी.ए. योग एवं एम.ए. योग के स्थान पर बी.एससी. योग विज्ञान एवं एम.एससी. योग विज्ञान की उपाधि दी जाय। एतदर्थ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को पत्र से सूचित किया जाय।

विद्वत्परिषद् द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि जिन विषयों पर कृत कार्यवाही अभी तक अपेक्षित है, सम्बंधित विभाग / समिति संबंधित विषयों पर यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कर कृत कार्यवाही की रिपोर्ट स्वीकृति हेतु प्रेषित करें।

**संकल्प संख्या २.३ सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित अर्ध शासकीय पत्र संख्या एफ. १-१/२०२० (सचिव) दिनांक २२.९.२०२० के अनुसार प्रेषित दिशानिर्देशों को (UGC Guidelines on Academic Calendar for the First Year of Under-Graduate and Post-Graduate Students of the Universities for the Session 2020-21 in View of covid-19 Pandemic) विश्वविद्यालय में लागू करने हेतु ।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रेषित अर्ध शासकीय पत्र संख्या एफ. D.O. No. F1-1/2020 (secy) dt. 22nd September, 2020 के अनुसार प्रेषित दिशानिर्देशों पर गहन विचार-विमर्श करने के उपरान्त विद्वत्परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि (UGC Guidelines on Examinations and Academic Calendar for the Universities in View of COVID -19 Pandemic and Subsequent Lockdown) में प्रदत्त प्रावधानों को यथावत् विश्वविद्यालय में लागू किया जाए तथा विश्वविद्यालय अनुदान

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

आयोग के दिशानिर्देशानुसार छात्रों की शैक्षणिक सत्र 2020-21 की गतिविधियाँ संशोधित शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार विद्वत्परिषद् द्वारा संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

The following Calander is approved for the academic session 2020-21

| Activities | Date proposed by university |
|---|---|
| Admission Process ( To be completed | 15-11-2020 |
| Commencement of Classes of above students Fresh batch (First Semester/Year | 16-11-2020 |
| Preparatory Break | 01-03-2021 to 07-03-2021 |
| Conduct of Examinations | 08-03-2021 to 26-03-2021 |
| Semester Break | 27-03-2021 to 04-04-2021 |
| Commencement of Classes for Even Semester | 05-04-2021 |
| Preparatory Break | 01-08-2021 to 08-08-2021 |
| Conduct of Examinations | 09-08-2021 to 21-08-2021 |
| Semester Break | 22-08—2021 to 29-08-2021 |
| Commencement of Next Academic Session for this batch | 30-08-2021 |

विद्वत्परिषद् द्वारा दिनांक 20.07.2020 को आयोजित संकाय प्रमुखों / विभागाध्यक्षों तथा अन्य अधिकारियों की बैठक में कोविड-19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2020-21 में शास्त्री, बी.ए.योग, आचार्य, एम.ए.योग, विशिष्टाचार्य एवं स्ववित्त पोषित अंशकालिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सम्पन्न प्रवेश प्रक्रिया की पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या २.४ संकाय प्रमुखों एवं अन्य अधिकारियों की बैठकों में लिये निर्णयों के कार्यवृत्त विद्वत्परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

शैक्षणिक सत्र 2020-21 में शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालन हेतु संकाय प्रमुखों एवं अन्य अधिकारियों की समय-समय पर सम्पन्न बैठकों द्वारा की गई संस्तुतियों की विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई। इस संबंध में यह निर्णय भी लिया गया कि विभिन्न बैठकों में संस्तुत एवं अवशिष्ट शैक्षणिक क्रियाकलापों से संबंधित नीतिगत सुझावों को क्रियान्वित किया जाए और वित्तीय तथा प्रशासकीय संस्तुतियां वित्त समिति एवं कार्य परिषद् को विचारार्थ एवं आवश्यक निर्णय हेतु प्रेषित की जाए।

**संकल्प संख्या २.५ शोध उपाधि समिति द्वारा संस्तुत माह जून २०२० से अक्टूबर, २०२० तक विद्यावारिधि ( पीएच.डी ) छात्रों की सूची विद्वत्परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

विद्वत्परिषद् द्वारा शोधोपाधि समिति द्वारा संस्तुत शोध छात्रों को जारी अस्थाई प्रमाण पत्र की सूची की पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या २.६ अगस्त, २०२० में सम्पन्न शास्त्री तृतीय वर्ष, आचार्य द्वितीय वर्ष, एम.ए.योग द्वितीय वर्ष, विशिष्टाचार्य, शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष, शिक्षाचार्य द्वितीय वर्ष (सत्र द्वितीय, चतुर्थ, एवं षष्ठ), विद्यावारिधि एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणाम विद्वत्परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

अगस्त, 2020 में सम्पन्न शास्त्री तृतीय वर्ष, आचार्य द्वितीय वर्ष, एम.ए.योग द्वितीय वर्ष, विशिष्टाचार्य, शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष, शिक्षाचार्य द्वितीय वर्ष (सत्र द्वितीय, चतुर्थ, एवं षष्ठ), विद्यावारिधि एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणाम विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या २.७ शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा लिखित प्रवेश परीक्षा-२०२० आयोजित करने हेतु प्रवेश संचालन समिति की बैठकों का कार्यवृत्त विद्वत्परिषद् की पुष्टि हेतु।**

शैक्षणिक सत्र 2020-21 में शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में हेतु लिखित प्रवेश-परीक्षा-2020 आयोजित करने हेतु गठित प्रवेश संचालन समिति (Steering Committee) की समय-समय पर आयोजित बैठकों में लिए गए निर्णयों पर विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या २.८ स्नातकोत्तर योग डिप्लोमा (एकवर्षीय) एवं एकवर्षीय जैनविद्या डिप्लोमा पाठ्यक्रम की अंक-तालिका पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातकोत्तर योग डिप्लोमा (एकवर्षीय) एवं एकवर्षीय जैनविद्या डिप्लोमा पाठ्यक्रम की अंकतालिका के प्रारूप को समान रूप से तैयार करने हेतु विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या २.९ विभागाध्यक्ष मानविकी विभाग तथा विभागाध्यक्ष योग विभाग द्वारा विभाग में नये शैक्षणिक पद सृजित करने हेतु प्राप्त प्रस्ताव विद्वत्परिषद् के विचारार्थ प्रस्तुत।**

विद्वत्परिषद् के सदस्यों द्वारा मानविकी विभाग तथा योग विभाग द्वारा अपने-अपने विभाग में नए शैक्षणिक पद सृजित करने हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के उपरान्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय एक्ट 2020 तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रदत्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरणानुसार नए शैक्षणिक पद सृजित करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

| क्र. सं. | पद का नाम | पे-लेवल | स्वीकृत पद | वांछित पद |
|---|---|---|---|---|
| | योग विभाग | | | |
| 1 | सहायक आचार्य | 10 | 05 | 06 |
| क्र. सं. | पद का नाम | पे-लेवल | स्वीकृत पद | वांछित पद |
| | हिंदी विभाग | | | |

सत्यापित VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब संस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आचार्य | 14 | - | 01 |
| 2 | सहआचार्य | 13 ए | - | 02 |
| 3 | सहायक आचार्य | 10 | 02 | 04 |
| | **प्राचीन इतिहास विषय** | | | |
| 1 | सहायक आचार्य | 10 | - | 01 |

नियमानुसार नए पदों को सृजित करने की स्वीकृति हेतु प्रशासन विभाग द्वारा आवश्यक पत्र प्रेषित किया जाए।

**संकल्प संख्या २.१० योग विभाग के छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान करने हेतु विभागाध्यक्ष योग विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव विद्वत्परिषद् के विचारार्थ प्रस्तुत ।**

कुलपति महोदय द्वारा विद्वत्परिषद के सदस्यों को अवगत करवाया गया कि विश्वविद्यालय के सामान्यत: सभी पाठ्यक्रमों में सर्वोत्कृष्ट छात्रों को पदक प्रदान कर पुरस्कृत किया जाता है। शैक्षणिक सत्र 2018-19 से विश्वविद्यालय द्वारा बी.ए.योग एवं एम.ए. योग पाठ्यक्रम को संचालित किया जा रहा है, योग विभागाध्यक्ष द्वारा योग पाठ्यक्रम के सर्वोत्तम छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान करने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया। इस संबंध में यह निर्णय भी लिया गया कि प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी को पदक प्रदान करने के लिए आवश्यक धन राशि उपलब्ध कराने के लिए निर्धारित प्रक्रिया अनुसार एक पत्र प्रेषित किया जाए, जिससे वे प्रायोजक की खोज कर सकें।

**संकल्प संख्या २.११ शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० में प्रदत्त उद्देश्यों के अनुपालन में पाठ्यक्रमों में संशोधन तथा नवीनीकरण हेतु विद्वत्परिषद् के विचारार्थ ।**

विद्वत्परिषद द्वारा शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित भारतीय ज्ञान परम्परा के मूल सिद्धान्तों से छात्रों को अवगत कराने के लिए यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रदत्त उद्देश्यों के परिप्रेक्ष्य में अन्त: शास्त्रीय अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रमों की समीक्षा कर उनमें आवश्यक संशोधन/नवीनीकरण किया जाना अपेक्षित है। आचार्य स्तर के पाठ्यक्रम में प्राचीन हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, प्राचीन समाजशास्त्र, प्राचीन राजनीतिशास्त्र, प्राचीन इतिहास एवं भारतीय पर्यावरण अध्ययन जैसे विषय भी कम्प्यूटर प्रयोग के साथ-साथ पढ़ाया जाय। एतदर्थ विश्वविद्यालय के अध्यापकों / अतिथि अध्यापकों से अध्यापन कराया जाय इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक संसाधन विकसित किया जाये। इस सम्बन्ध में सभी विभागों द्वारा गठित अपने अपने विभाग के अध्ययन मण्डलों की बैठकें आयोजित कर सम्बन्धित कक्षा के पाठ्यक्रम का परिवर्तन / संशोधन किया जाये, जिससे शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप से साम्य रखते हुए सभी पाठ्यक्रमों को अद्यतन कर लागू किया जा सके । उसके एक मानक तैयार करने हेतु निम्नलिखित समितियों का गठन किया जाता है:

१. शास्त्री / बी.ए.योग, आचार्य / एम.ए. योग, विद्यावारिधि एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम

1. प्रो. भागीरथि नन्द, संकाय प्रमुख, शैक्षणिक - अध्यक्ष
2. प्रो. चाँद किरण सलूजा, नई दिल्ली - सदस्य
3. प्रो. बिहारी लाल शर्मा, निदेशक, आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ - सदस्य

सत्यापित VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
कुतब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
...l Area, New Delhi-110016

4. प्रो. राम नाथ झा, आचार्य, जे.एन.यू. - सदस्य
5. प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, आचार्य, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली - सदस्य
6. प्रो. रमाकान्त पाण्डेय, आचार्य, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर - सदस्य
7. डॉ. एन.पी. सिंह, विशेष कार्याधिकारी परीक्षा - सदस्य
8. श्री सुच्चा सिंह, सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक) - संयोजक
9. विभागीय सहायक कार्य सम्पादन हेतु

२. शिक्षाशास्त्री / शिक्षाचार्य

1. प्रो. के. पी. पाण्डेय - अध्यक्ष
2. डॉ. चाँद किरण सलूजा - सदस्य
3. प्रो. एल.एन. पाण्डेय - सदस्य
4. प्रो. के. भरत भूषण, संकाय प्रमुख - संयोजक
5. विभागीय सहायक कार्य सम्पादन हेतु

उपरोक्त समितियाँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रदत्त उद्देश्यों / सिद्धांतों को संज्ञान में लेते हुए पाठ्यक्रम तैयार करने हेतु एक मॉडल पाठ्यक्रम तैयार करेंगे। समिति द्वारा निर्धारित मॉडल पाठ्यक्रम के अनुपालन में सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठकें आयोजित कर संशोधित / नवीन पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा जोकि शैक्षणिक सत्र 2021-22 से लागू होगा।

**संकल्प संख्या २.१२ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्चतर शिक्षा संस्थानों में अकादमिक सत्यनिष्ठा एवं साहित्यिक चोरी की रोकथाम को प्रोत्साहन) विनियम, २०१८ नियम को विश्वविद्यालय में लागू करने के सम्बन्ध में जारी कार्यालय आदेश विद्वत्परिषद् के सूचनार्थ।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्चतर शिक्षा संस्थानों में अकादमिक सत्यनिष्ठा एवं साहित्यिक चोरी की रोकथाम को प्रोत्साहन) विनियम, 2018 नियम के अनुसार निर्धारित दिशानिर्देशों को विश्वविद्यालय में पंजीकृत शोध छात्रों की सूचना हेतु जारी कार्यालय आदेश की पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या २.१३ शैक्षणिक सत्र २०२०-२१ में नियमित एवं अंशकालिक पाठ्यक्रमों में प्रविष्ट छात्रों की सूची विद्वत्परिषद् के सूचनार्थ।**

विद्वत्परिषद् के संज्ञान में लाया गया कि कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को संज्ञान में लेते हुए तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन में प्रवेश हेतु ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु समय-समय पर तिथि बढ़ाई गई। कक्षानुसार शैक्षणिक सत्र 2020-21 में नियमित एवं अंशकालिक पाठ्यक्रमों में छात्रों के प्रवेश की विद्वत्परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या २.१४ विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों में नियुक्ति, प्रोन्नति इत्यादि प्रक्रियाओं के लिए विषय विशेषज्ञों की नामावली की स्वीकृति।**

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

विश्वविद्यालय कि विभिन्न विषयों में नियुक्ति, प्रोन्नति इत्यादि प्रक्रियाओं के लिए विषय विशेषज्ञों की नामावली सर्वसम्मति से विद्वत्परिषद् द्वारा स्वीकृत की गयी तथा उक्त सूची को कार्य समिति से स्वीकृत कराने के लिए कुलपति महोदय को अधिकृत किया जाता है।

**संकल्प संख्या २.१५ अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विचारार्थ प्रस्तुत अन्य विषय ।**

**संकल्प संख्या २.१५(१) संकाय प्रमुख शिक्षाशास्त्र संकाय द्वारा पाठ्यक्रमों में संशोधन हेतु प्रस्ताव विद्वत्परिषद् के सूचनार्थ प्रस्तुत।**

शिक्षाशास्त्र संकाय प्रमुख द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार शिक्षाशास्त्र संकाय द्वारा तैयार संशोधित पाठ्यक्रम के संबंध में विद्वत्परिषद् द्वारा यह सुझाव दिया गया कि संकल्प संख्या 2.11 में दिए गए निर्णय के अनुसार पुनः आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाए

**संकल्प संख्या २.१५(२) राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० में दिए गए प्रावधानों के अन्तर्गत श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में हिन्दू अध्ययन विभाग की स्थापना करने पर विचार।**

कुलपति महोदय द्वारा विद्वत्परिषद् के सदस्यों को अवगत करवाया गया कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रस्ताव किया गया है, जो हर दृष्टि से अत्यन्त प्रशंसनीय है । इस शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परम्परा के अध्ययन-अध्यापन को गति प्रदान करने हेतु भारतीय चिन्तन के अध्ययन को महत्व दिया गया है । भारत को विश्व पटल पर एक समतामूलक और जीवंत समाज के सभी प्राच्य उच्च-गुणवत्ता के मूल्यों की शिक्षा प्रदान करके महाशक्ति बनाना है। इस संबंध में प्रो. रामनाथ झा तथा प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी द्वारा भी विद्वत्परिषद के सदस्यों को अवगत करवाया गया कि हिन्दू अध्ययन विभाग की स्थापना से भारतीय चिन्तन का विश्वस्तर पर प्रचार प्रसार करने में सहायता मिलेगी। विचार-विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में हिन्दू अध्ययन विभाग की स्थापना करने की विद्वत्परिषद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है। इसके आवश्यक संसाधन हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग आदि को पत्र लिखने के लिए कुलपति को अधिकृत किया जाता है। पाठ्यक्रम के संचालन के नियम आदि तैयार करने हेतु निम्नलिखित सदस्यों की समिति का गठन किया जाता है।

1. प्रो. भागीरथी नन्द - अध्यक्ष
2. प्रो. बिहारी लाल शर्मा - सदस्य
3. प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी - सदस्य
4. प्रो. रामनाथ झा - सदस्य
5. प्रो. नचिकेता तिवारी - सदस्य
6. श्री सुरुचा सिंह - संयोजक

सत्यापित VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

संकल्प संख्या २.१५(३) संगणक विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार एक वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा संचालित करने हेतु विद्वत्परिषद् के विचारार्थ।

विद्वत्परिषद् के संज्ञान में लाया गया कि विश्वविद्यालय में संगणक विभाग द्वारा अंशकालिक पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत निम्नलिखित षाण्मासिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं:

1. ऑफिस-ऑटोमेशन 2. संगणक प्रोग्रामिंग 3. वेब-डिजाईनिंग

समय-समय पर छात्रों द्वारा प्रेषित आवेदन पत्रों को संज्ञान में लेते हुए विद्वत्परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संगणक विभाग द्वारा षाण्मासिक अंशकालिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किया जाएगा। जिससे संबंधित पाठ्यक्रम प्रवेश अर्हता तथा शुल्क आदि सम्बन्धी नियम संगणक केन्द्र द्वारा कुलपति महोदय की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किए जायें।

विद्वत्परिषद् द्वारा आचार्य हरिहर त्रिवेदी, पूर्व संकाय प्रमुख, वेद-वेदांग संकाय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की चिर शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

अध्यक्ष महोदय एवं समस्त सदस्यों को धन्यवाद के उपरान्त शान्ति पाठ से विद्वत्परिषद् की द्वितीय बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(डॉ. अलका राय)
कुलसचिव एवं सचिव

रमेशकुमार पाण्डेय
(प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय)
कुलपति एवं अध्यक्ष

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016